तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025


12 मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव, नौका दौड़ सहित हुई...


11 अंडा में छात्राओं को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी...



## खबर संक्षेप

### ग्राम खुंदनी में रक्तदान शिविर 30 को

**गुरूर।** बालोद जिला सर्वोदय मंडल द्वारा ग्राम खुंदनी में 30 जनवरी को बाजार चौक के पास महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सर्वोदय मंडल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बालोद एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सर्वोदय मंडल के सचिव परसराम साहू ने बताया कि महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम खुंदनी में किया जाना है।

### ग्राम रमतरा में मानसगान स्पर्धा 17 से, मड़ई 20 को

**गुरूर।** नवजागृति मानस प्रचार समिति एवं समस्त ग्रामवासी रमतरा के तत्वावधान में 17 से 19 जनवरी तक तीन दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। समिति अध्यक्ष सुदर्शन सार्वा ने बताया कि पुरुष वर्ग के लिए प्रथम पुरस्कार 3225 रुपये, द्वितीय 2925, तृतीय 2625, चतुर्थ 2325 एवं पंचम 2025 रुपए रखा गया है। महिला वर्ग के लिए 3025 रुपये, द्वितीय 2725, तृतीय 2425, चतुर्थ 2125 एवं पंचम पुरस्कार 1825 रुपये है। विशेष पुरस्कार समिति द्वारा रखा गया है। प्रतियोगिता में ख्याति प्राप्त 16 मंडलियां प्रस्तुति देंगी। गिरधारी हिरवानी ने बताया कि 20 जनवरी को गांव में मड़ई का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी कुहीखुर्द दुर्रे बंजारी का कार्यक्रम होगा।वहीं, नारायण साहू व यूकुमार साहू ने बताया कि 25 जनवरी को एक दिवसीय डे नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है।

### लाटाबोड़ में रामधुनी स्पर्धा 18 से, मड़ई-मेला 20 को

**लाटाबोड़।** आदर्श ग्राम लाटाबोड़ में जय सरस्वती लोक संगीत रामधुनी पार्टी एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से 18 एवं 19 जनवरी को छत्तीसगढ़ स्तरीय दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष चंद्रहास सोरी ने बताया कि इसके साथ ही 20 जनवरी को ग्राम में मेला-मड़ई रखा गया है। उन्होंने बताया कि मनोरंजन के लिए रात्रि में लहर गंगा धनेली (गुरुर) वालों का छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया है।

### ग्राम चिरचारी में मड़ई-मेला 17 को

**बालोद।** ग्राम चिरचारी में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में नाचा-गम्मत गोपाल बलराम प्रस्तुति ग्राम निपानी का कार्यक्रम रखा गया है।

### नेवारीकला में मड़ई 17 को, तीन दिन होंगे विविध कार्यक्रम

**बालोद।** ग्राम नेवारीकला में 17 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का आयोजन किया गया है। वहीं, 18 जनवरी को एक दिवसीय कबड्डी एवं चौसर प्रतियोगिता तथा 18 व 19 जनवरी को दो दिवसीय भव्य संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय 3001, तृतीय 2001 व चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। वहीं चौसर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1001 तथा चतुर्थ पुरस्कार 701 रूपये रखा गया है। इसी तरह 18 व 19 जनवरी को दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी प्रतियोगिता में संगीतमय झांकी में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001, पंचम 701 एवं षष्ठम पुरस्कार 501 रूपये रखा गया है। वहीं, संगीतमय कथा प्रधान प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 3001 रूपये, द्वितीय 2001, तृतीय 1501, चतुर्थ 1001, पंचम 701 एवं षष्ठम पुरस्कार 501 रूपये रखा गया है।

## ऑक्सीजन सिलेंडर व मास्क लगाकर महाकुंभ में पहुंचे भोज साहू, दे रहे पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**कहा- महाकुंभ में करोड़ों लोग पहुंच रहे, यह पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने का उपयुक्त अवसर**

हरिभूमि न्यूज:बालोद



महाकुंभ में जिले के पर्यावरण प्रेमी भोज साहू अपने मित्र हेमलाल साहू (रिटायर्ड आर्मी) और चंदन साहू (शिक्षक) के साथ प्रयागराज पहुंच कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। भोज साहू हाथों में पर्यावरण संरक्षण का संदेश लिखी हुई तख्ती व सिर पर कागज का टोपीनुमा स्लोगन लेखन करके पीठ पर आक्सीजन सिलिंडर के रूप में डिब्बा लटकाकर जिसमें बेल का पौधा रखा हुआ था व आक्सीजन मास्क मुंह नाक में लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं। भोज साहू ने बताया कि इस महाकुंभ मेला में लाखों करोड़ों लोग प्रयागराज पहुंच कर डुबकी लगाने पहुंचे रहे हैं, उन सबको पर्यावरण संरक्षण को संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाना है। पर्यावरण प्रेमी ने बताया कि इस तरह की पहल करने के लिए इसे बड़ा और उपयुक्त स्थान कहीं और नहीं मिल पायेगा। इसलिए जागरूकता के लिए महाकुंभ को चुना है।

### 14 वर्षों से चला रहे हैं जागरूकता अभियान

इससे पहले भी इस तरह का पर्यावरण संरक्षण जागरूकता का संदेश छत्तीसगढ़ के बालोद, दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव, रायपुर के अलावा महानगर नागपुर मध्यप्रदेश के राजधानी भोपाल में पहुंच कर दे चुके हैं। भोज साहू लगभग 14 वर्षों से जागरूकता अभियान व नवाचार पद्धति उपयोग कर रहे हैं, जिसमें पौधारोपण, सीड बाल बनाकर निःशुल्क वितरण करना, मतदान जागरूकता, रक्तदान शिविर, नेत्रदान करने के लिए प्रेरित करना, निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन जागरूकता, हेलमेट जागरूकता, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, मेडिसिन बैंक चलाकर जरुरत मंदों को निःशुल्क मेडिसिन उपलब्ध करवाना, कम पानी से पौधों को सिंचाई करने के लिए मटका टपक विधि, वेस्ट मटेरियल से ड्रीप सिस्टम से पानी सिंचाई व गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का इंतजाम करना सहित अनेकों अभियान चलाते रहे हैं।



### तहसीलदार के ड्राइवर, पटवारी एवं आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी चालान

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती, 15 दिनों में बने 296 प्रकरण, एक लाख 33 हजार वसूले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त रवैया अख्तियार कर लिया है। सड़क सुरक्षा माह के तहत जहां एक ओर लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देकर उनके पालन की अपील की जा रही है, वहीं दूसरी ओर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जा रही है।

कार्रवाई के दौरान जिला प्रशासन यह सख्त संदेश भी दे रही है कि जिले में आम हो या खास यदि आपने यातायात नियमों का पालन नहीं किया, तो आप पुलिस कार्रवाई से बच नहीं सकते। इसके लिए अब पुलिस कर्मी अपने साथियों के खिलाफ भी नियम का पालन नहीं करने पर कार्रवाई कर रही है। बता दें कि बीते 15 दिनों में तहसीलदार के ड्राईवर, पटवारी एवं आधा दर्जन पुलिस कर्मियों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई की जा चुकी है। बीते 15 दिनों में जिले में 296 प्रकरण में 1,33,000 रूपये का समन शुल्क वसूला जा चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें तहसीलदार के ड्राईवर के खिलाफ सीट बेल्ट नहीं लगाने के कारण, पटवारी एवं पुलिस कर्मियों पर हेलमेट नहीं पहनने के कारण चालानी कार्रवाई की गई है। प्रशासन के कड़े निर्देश के बाद यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इस दौरान न वे किसी की सुन रहे हैं और न ही किसी का पद पावर देखा जा रहा है। नियम तोड़ने वाले जो भी हैं, कार्यवाही से नही बच पा रहे हैं।




### अभी भी नहीं सुधर रहे कई लोग




लेकिन बड़ा प्रश्न यह है कि नियमों का उल्लंघन करनों पर प्रशासन की यह कड़ाई कब तक जारी रहेगी। बता दें कि बुधवार को ही एक सड़क हादसे में दो लोगों की जान जा चुकी है। आमजनता आज भी बिना हेलमेट के मोटर सायकल चला रही है। चारपहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का उपयोग कम ही कर रहे हैं। ऐसे में सड़क हादसों पर एवं उनके कारण होने वाली मौतों पर किस प्रकार लगाम लगेगा।

## दो बाइक में आमने-सामने की टक्कर, युवक की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- बालोद-झलमला मुख्यमार्ग पर सिवनी में हनुमान मंदिर के पास हुई दुर्घटना

बालोद से झलमला मुख्यमार्ग सिवनी हनुमान मंदिर के पास दो मोटरसाइकिल में आमने–सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई। भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर ही एक युवक की मौत हो गई, वहीं दो अन्य घायल युवकों को गंभीर स्थिति को देखते हुए राहगीरों की मदद से पिकअप वाहन के माध्यम जिला अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद राजनांदगांव रिफर किया गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं, राहगीरों ने बताया कि बाइक क्रमांक सीजी 24 एल 0323 जो किराना सामान लेकर बालोद से झलमला की ओर जा रहा था। वहीं, दूसरी बाइक सीजी 07 एलजी 9969 जिसमें दो युवक सवार होकर कही जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि मृतक की पहचान गजेंद्र साहू पिता अलीराम साहू 27 वर्ष ग्राम जामगांव बी निवासी के रूप में हुई है, जो शादीशुदा है और दो बच्चे हैं। वहीं, घायल एक युवक का नाम उदे दीप जवाहरपारा निवासी है और दूसरे घायल युवक पाटन निवासी जो शोक कार्यक्रम में शामिल होने बालोद पहुंचे हुए थे।

## कलेक्टर ने ईव्हीएम के फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का किया अवलोकन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने नगरीय निकाय आम निर्वाचन के अंतर्गत संयुक्त जिला कार्यालय के जनदर्शन कक्ष में पहुँचकर वहाँ चल रहे ईव्हीएम के फर्स्ट लेवल चेकिंग कार्य का अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने एफएलसी कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों से कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को एफएलसी के कार्य को निर्धारित समयावधि तक विशेष सावधानी के साथ त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में ईव्हीएम के एफएलसी का कार्य 13 से 16 जनवरी तक संपन्न किया जाना है। इस दौरान एफएलसी कार्य के देखरेख हेतु नियुक्त भारत निर्वाचन आयोग के इंजीनियर के अलावा एफएलसी के सहायक नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार मुकेश गजेंद्र सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारी वारडेकर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



नगर पालिका आम निर्वाचन को लेकर बुधवार को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रामकुमार सोनकर और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर भूपेंद्र वारडेकर ने बीएसपी उच्चतर माध्यमिक क्रमांक 2 में बनाए गए मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल, सामग्री वितरण स्थल, मतगणना कक्ष और स्ट्रांग रूम के साथ-साथ कार्मिकों और मतगणना एजेंटों के आने-जाने की व्यवस्था, रूट प्लान और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।

रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने सफाई, विद्युत, पेयजल, और कैमरा जैसी व्यवस्थाओं की जांच की और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने सुनिश्चित किया कि मतगणना केंद्र और स्ट्रांग रूम की व्यवस्था सुचारू और सुरक्षित हो। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए स्ट्रांग रूम और मतगणना केंद्र का सूक्ष्म निरीक्षण कर सुरक्षा को लेकर विभिन्न दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता सलीम सिद्दीकी, उप अभियंता भानु प्रकाश घोष, नगर पालिका निर्वाचन के मुख्य लिपिक ऐलन चंद्राकर, स्टोर प्रभारी पंकज चंद्राकर, आरआई रोहित शर्मा, पीआईयू विक्रांत साहू और विद्युत एवं पेयजल विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राज्य सरकार के मंत्री कर रहे हैं महिलाओं का अपमान : संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



बैंक से ऋण निकलवाकर उस राशि की ठगी की शिकार होने के बाद प्रदेश के श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के पास न्याय का गुहार लगाने गई महिलाओं को मंत्री द्वारा फेंकवा देने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने इसकी कड़ी निंदा करते हुए इसे महिलाओं का अपमान बताया है।

संगीता सिन्हा ने कहा कि मंत्री के बयान से एवं भाजपा नेताओं द्वारा पूर्व में दिए बयानों से भाजपा की महिला विरोधी छबि बेनकाब हो गई है। भाजपा का महिला विरोधी मूल चरित्र सामने आ गया है। संगीता सिन्हा ने कहा कि यह पहला अवसर नहीं है, जब भाजपा के नेताओं ने महिलाओं पर अशोभनीय टिप्पणी की है। इसके पहले वे हाल ही में दिल्ली की महिला मुख्यमंत्री, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी एवं प्रियंका गांधी के खिलाफ भी आपत्तिजनक टिप्पणी कर चुके हैं। संगीता सिन्हा ने कहा कि भाजपा महतारी वंदन योजना की नाव पर चढ़कर सत्ता तक पहुंची है, लेकिन अब सत्ता में आते ही महतारी वंदन बंद कर अब उनसे बद्सलूकी कर रहे हैं।

संगीता सिन्हा ने कहा कि सरकार को ठगी की शिकार महिलाओं की पीड़ा समझनी चाहिए। महिलाओं को धोखे में रखकर उन्हें सब्जबाग दिखाकर माईक्रो फाईनेंस कंपनी के माध्यम से ऋण निकलवाकर जालसाजों ने ठगी की है। यह ठगी का मामला बालोद जिले में ही नहीं, अपितु प्रदेशव्यापी है। सरकार को इस पर गंभीरता से कार्य करना चाहिए। ठगी की शिकार महिलाएं बैंकों से मिल रही धमकियों एवं दबाव से मानसिक यंत्रणा झेल रही हैं। ऐसे में यदि सरकार ने गंभीरतापूर्वक त्वरित कार्यवाही नहीं की, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। विधायक श्रीमती सिन्हा ने जालसाजों की संपत्ति कुर्क कर प्राप्त राशि से महिलाओं को राहत पहुंचाने की मांग की है।

### जिले में प्रशासनिक कसावट लाने कलेक्टर की नई पहल

## निर्धारित समय पर योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- जिले के प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालयों में विकासखंड स्तरीयअधिकारियों की लेंगे समीक्षा बैठक

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल अब जिले के प्रत्येक विकासखण्ड मुख्यालयों में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विकास कार्यों के क्रियान्वयन की पड़ताल करेंगे।

कलेक्टर चन्द्रवाल ने जनपद पंचायत सभाकक्ष गुरूर में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर इसकी शुरूआत की है। कलेक्टर चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में प्रशासनिक कसावट लाने तथा निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिले में इस अभिनव पहल की शुरूआत की जा रही है। जनपद पंचायत सभाकक्ष गुरूर में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड में चल रहे विकास कार्यों के क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने विभागवार शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में इसका क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य की समीक्षा करते हुए अंतिम सप्ताह के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने अधिकारियों को धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग करते हुए मुस्तैदी के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सूखा प्रभावित ग्राम करेंझर में पानी की समस्या के निराकरण हेतु समुचित उपाय सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।




बैठक में कलेक्टर ने उद्यानिकी विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। उन्होंने उद्यानिकी विभाग के प्रभारी अधिकारी को कलस्टर फॉर्मिंग हेतु प्रकरण तैयार करने के भी निर्देश दिए। नगर पंचायत गुरूर के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी से अधोसंरचना मद के अंतर्गत चल रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली। बैठक में चन्द्रवाल ने कृषि विभाग के कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कृषि विभाग के प्रभारी अधिकारी से ग्रीष्मकालीन धान के रकबे में कमी लाने हेतु बनाए गए कार्य योजना तथा गेहूँ, चना आदि फसलों के रकबे के संबंध में भी जानकारी ली। चन्द्रवाल ने किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को गुरूर विकासखण्ड में भू–जल स्तर में कमी को देखते हुए रबी सीजन में भी धान के रकबे में कमी लाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने पशुपालन एवं मछली पालन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पशुपालन विभाग के प्रभारी अधिकारी से जिले में पशु संगणना के कार्यों के संबंध में ▶▶| शेष पेज 11 पर

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100


## खबर संक्षेप



### शिक्षिका ने अपनी माता जी की पुण्यतिथि पर दिया नेवता भोज

**जामगांव आर।** ग्राम बेल्हारी स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय की रसायन की वरिष्ठ व्याख्याता शिबू माला हरी ने अपनी माता जी की पुण्यतिथि पर अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए तथा हिंदी माध्यम के सभी शिक्षकों के लिए नेवता भोज का आयोजन किया। नेवता भोज में खीर, पूड़ी, सब्जी, दाल-भात खिलाया गया। इस अवसर पर उनके पति हरि कुमार एवं पुत्री गोपिका नायर, सरपंच प्रतिनिधि हलधर महामाला एवं विद्यालय प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष अमित अग्रवाल भी उपस्थित थे।

### योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण का स्वागत



**जामगांव आर।** छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का गृह ग्राम कुम्हली में भव्य स्वागत हुआ। सोसायटी अध्यक्ष तेजेंद्र पिपरिया, सरपंच डोमार साहू, उपसरपंच धनेश साहू, जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन सहित ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। कुमलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर जनहित कुशल दायित्व निर्वहन के लिए भगवान से आशीर्वाद मांगा।

### ग्राम हल्दी में श्रीमद् भागवत कल से

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम हल्दी में 17 से 24 जनवरी तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन बाजार चौक में किया गया है। कथा दोपहर 1 बजे से शुरू होगी। कथावाचक महेश नारायण शास्त्री श्री राम वृंदावन क्षेत्र कथा व्यास मुरलीधर महाराज वृंदावन ब्रज क्षेत्र होंगे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आज

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में 16 जनवरी को शाम 04 बजे आयोजित की गई है। बैठक में समिति के सदस्यों को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

### संजारी में लर्निंग लायसेंस शिविर आज

**बालोद।** जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम संजारी में जिला परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत शिक्षार्थी लायसेंस एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर का आयोजन 16 जनवरी को किया जाएगा। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि शिविर में वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। इसके साथ ही लायसेंस बनाने के इच्छुक नागरिक शिविर में आवश्यक दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर लर्निंग लायसेंस बना सकते हैं।

### ग्राम सरेखा में मड़ई-मेला 18 को

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम सरेखा में 18 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण अध्यक्ष कोशल साहू थानसिंह देवदास ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि में जय गंगा मैया नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### देवरी द में मड़ई-मेला कल, मानसगान स्पर्धा 18 व 19 को

**बालोद/निकुम।** बाल विकास नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी देवरी द के तत्वावधान में मानस, गायन वादन, सस्वर दो दिवसीय मानस प्रतियोगिता 18 एवं 19 जनवरी को रखा गया है। आयोजन समिति प्रमुख चुम्मन साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 3501 रुपए व अंतिम सप्तम पुरस्कार 701 रुपए और महिला वर्ग में 3000 प्रथम पुरस्कार व अंतिम पंचम पुरस्कार 1001 रुपए सहित प्रतीक चिन्ह व अन्य आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं 17 जनवरी को भव्य मेला मड़ई होगा।

**बैठक :** त्रिस्तरीय नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में हुई कार्यशाला

# हर वार्ड में भाजपा कार्यकर्ता ही जीतकर आएं, यह सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी : प्रीतम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही




त्रिस्तरीय नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस संबंध में बुधवार को भाजपा कार्यालय गुण्डरदेही में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में चुनाव प्रभारी प्रीतम साहू उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि राज्य और केन्द्र में हमारी डबल इंजन की सरकार है। करोड़ों रुपए का विकास कार्य सरकार करा रही है। हमने बनाया है हम ही संवारेंगे, इसी ध्येय वाक्य को लेकर चलना है। इसीलिए तीनों निकायों में हर वार्ड में भाजपा के कार्यकर्ता ही चुनाव जीतकर आए। यह सुनिश्चित करना है संगठन को मजबूत बनाना है।

- कार्यशाला में चुनाव प्रभारी ने कार्यकर्ताओं को किया प्रेरित
- चुनाव के लिए दावेदारी करने वालों को पार्टी द्वारा जारी दिशानिर्देशों की दी गई जानकारी

इसी के साथ टिकट किसी भी प्रत्याशी को मिले तन मन और धन से भाजपा प्रत्याशी को ही जीताना है। गुण्डरदेही नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद और जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य का चुनाव कैसे लड़ना है डबल इंजन की सरकार को ट्रिपल इंजन कैसे बनाना है इस सब के बारे में चर्चा हुई, साथ ही सभी वार्डों में प्रभारी बनाए गए हैं जिनको भी पार्षद के लिए आवेदन देना है वे वार्ड के प्रभारी को देंगे। साथ ही जिनको नगर पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत सदस्य और जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ना है वह अपने अपने मंडल अध्यक्ष को 17 तारीख तक आवेदन दे सकते हैं 18 तारीख को चयन समिति की बैठक होगी, जिसमें तीन–तीन नाम का पैनल बनेगा और उसे 18 तारीख को जिला में भेजा जाएगा।

इसी में से प्रत्याशी का चयन होगा। कार्यशाला में प्रभारी प्रीतम साहू, लेख राम साहू, अश्वनी यादव, प्रमोद जैन, मंडल अध्यक्ष युवराज मारकंडे, सिकोसा मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, ओटेबंध मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, ठाकुर राम चंद्राकार, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, कोमल सोनकर, टीकू निषाद, हरीश निषाद,सौरभ चोपड़ा, विजय सोनकर, हेमंत सोनकर, केशव साहू, शंकर यादव, सुरेश सोनी, सेवक महिपाल, पार्षद संतोषी साहू, सुभाष चन्द्राकर सहित बड़ी सख्या में टिकट के दावेदार व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## प्रत्याशी चयन के लिए कांग्रेस करेगी सर्वे



**गुण्डरदेही।** मंगलवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही द्वारा जनपद, नगर पंचायत गुण्डरदेही के अधिकृत प्रत्याशी चयन के लिए नियुक्त समस्त पर्यवेक्षक, जोन एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई थी।

- गुंडरदेही में हुई अधिकृत प्रत्याशी चयन के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक, जोन एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक

ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भोजराज साहू ने बैठक में बताया कि 24 अक्टूबर को ब्लाक कांग्रेस कमेटी गुण्डरदेही के विस्तारित बैठक में प्राप्त सुझावों एवं पारित निर्णय के आधार पर जनपद पंचायत के 15 निर्वाचन क्षेत्रों एवं नगर पंचायत के 15 वार्ड में पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई है, जो कि आम नागरिकों एवं कांग्रेस पदाधिकारियों से चर्चा एवं सम्नवय कर सक्रिय एवं जीतने योग्य उम्मीदवारों का चयन करेंगे।

जिला कांग्रेस कमेटी बालोद की अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी लगन से सूक्ष्मतापूर्वक सर्वे का कार्य सम्पन्न करें कांग्रेस पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को एवं सभी वर्गों को टिकिट वितरण में प्राथमिकता दी जाए, तो निश्चित ही पंचायत चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपना परचम लहराएगी। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक कुंवरसिंह निषाद ने कहा कि विष्णु देव साय सरकार के कुशासन, बढ़ते अपराध एवं धान खरीदी में किसानों को रही परेशानियों को मुद्दा बनाकर पंचायत चुनाव में हम जनता के बीच जाएंगे समस्त कांग्रेसजनों से इस विषम परिस्थिति में एकजुट होकर कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों को जिताने का आग्रह किया।

## शिकसा के कलाकारों ने दी भूले बिसरे गीतों की प्रस्तुति

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने छेरछेरा पर्व के अवसर पर कला व संस्कृति के संर्वधन के लिए विलुप्त हो रहे छत्तीसगढ़ी गीतों को पुनः स्मरण करने व पहचान दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ी भूले बिसरे गीत मया पिरीत का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व विजय कुमार प्रधान कार्यक्रम प्रभारी की उपस्थिति व टीकाराम सारथी हसमुख प्राचार्य चुरतेली व सलाहकार शिकसा की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम में नृत्य निशा महिलांग ज.भ.शिक्षक, भूमिका महिलांग, हीना महिलांग, अर्पणा महिलांग, दिनेश कुमार दुबे, चन्द्र कुमार चन्द्रा, विंध्यवासिनी पांडेय, हेमा चन्द्रवंशी, हरनारायण साहू , ओजस्वी साहू, नैना साहनी, संगीता शोरी, ओ.पी.कौशिक रतनपुरिहा, मदनलाल तोमर, किरण शर्मा, रामकुमार पटेल, रामलाल कोसले, शिवकुमार अंगारे, प्रकाश चन्द्र चेलक, मनोहर लाल यादव, मोहित कुमार शर्मा, लीलेश कुमार राजेश, सती मरकाम, रेखा पात्रे, शकुन्तला सहंश, हरमन कुमार बघेल ने पुराने गीत सुनाकर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर व आभार प्रदर्शन डॉ.शिवनारायण देवांगन ने किया।



अनुभूति श्री फाउंडेशन की ओर से किया गया आयोजन

## अंडा में छात्राओं को दी गई स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, निःशुल्क दिया गया सेनेटरी पैड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंडा में कक्षा 7 वीं से 12 वीं तक की छात्राओं को अनुभूति श्री फाउंडेशन द्वारा स्वास्थ्य से संबंधी जानकारी प्रदान की गई। अनुभूति श्री फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं संस्थापक डिंपल कौर ने बताया कि उन्होंने खुद की तकलीफ़ से 2 साल जूझते हुए सीख ली और इस कार्य को सेवा रूप में करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि अपने जीवन के अनुभवों को एकत्रित कर अनुभूति श्री फाउंडेशन का गठन किया है।

उन्होंने बताया कि वे 6 जुलाई 2016 से अपनी सेवाएं दे रही हैं। उसके बाद से माहवरी से संबंधित समस्याओं एवं उससे बचाव संबंधी संपूर्ण जानकारी बालिकाओं को दी जाती है और इको फ्रेंडली सैनेटरी पैड का वितरण किया जाता है। पहले खुद पुराने कपड़े मांग कर उससे पैड बना कर दिया और अब संस्था के नाम से इको फ्रेंडली पैड वितरित किये जा रहे हैं। डिंपल कौर ने बताया कि अब तक संस्था द्वारा 8.5 लाख से ज्यादा सैनेटरी पैड का निःशुल्क वितरण किया जा चुका है। गांव और बस्तियों के साथ ही नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में जाकर पैड का वितरण करने के साथ ही स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक भी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए समय समय पर निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण भी दिया जाता है। संस्था अब 4 राज्यों में अपनी सेवाएं दे रही है। उन्हें छत्तीसगढ़ पैड वुमन कहा जाता है। इस अवसर पर छात्राओं को पीरियड संबंधी जानकारी दी गई, कि पीरियड क्यों आता है, क्यों आना चाहिए और कैसे अच्छे पैड का इस्तेमाल करें। इस दौरान 100 पैड निःशुल्क बांटे गए। इस अवसर पर प्राचार्य सीमा जाम्बुलकर, ममता वर्मा, सुमन मिश्रा, हिमा साहू, अनुरमा शुक्ला आदि शिक्षक शिक्षिकाए उपस्थित थे। छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एवं सेनेटरी पैड वितरण के लिए प्राचार्य एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अनुभूति श्री फाऊंडेशन का आभार जताया है।






## सीएमएचओ ने की निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की समीक्षा

**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी की अध्यक्षता में 100 दिवसीय निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ अभियान की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में टीबी के मरीजों की पहचान, संदेहास्पद मरीज का टू नॉट मशीन से जांच के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, संस्था प्रभारी एवं एसटीएस का प्रत्येक दो दिवसों में विकासखंडवार समीक्षा लेने के निर्देश दिए गए। बैठक में मरीज की पहचान के लिए एक्सरे एवं टू नॉट जांच की संख्या में कमी वाले विकासखण्डों में सूक्ष्म कार्य योजना बनाते हुए प्रति दिवस लक्ष्य निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। उल्लेखनीय है कि जिले को टीबी मुक्त बनाने हेतु टीबी के मरीजों की पहचान, संदेहास्पद मरीज का टू नॉट मशीन से जांच करने एवं 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्तियों, टीबी मरीज के घरेलू संपर्क, कुपोषित एवं बीपी, शुगर आदि के मरीजों का एक्सरे के माध्यम से निःशुल्क जांच किया जा रहा है। बैठक में जिला नोडल अधिकारी टीबी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी, समस्त विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं जिला टीबी स्टॉफ उपस्थित थे।

# सेवा व समर्पण क्रांतिकारी परिणाम लाते हैं : सिन्हा

### छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष के प्रथम आगमन पर जामगांव आर में किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जामगांव आर





छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने अपने गृह ग्राम कुम्हली पहुंचकर कुमलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना की। उसके बाद जामगांव आर प्रथम आगमन पर किसान चौक में भव्य स्वागत किया गया। फिर सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में आयोजित स्वागत समारोह में शामिल हुए। मंच पर जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, छत्तीसगढ़ कल्याण मंडल पूर्व उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र मौर, शिक्षाविद प्रणव शर्मा, आशीष तांडी, अभिषेक भारद्वाज भी आसीन रहे।

विद्यालय समिति अध्यक्ष कामता प्रसाद साहू, शासकीय कालेज समिति अध्यक्ष नरेश केला, जामगांव आर सोसायटी अध्यक्ष भगवान सिंह चंद्राकर, माहेश्वरी श्री संघ पदाधिकारी भीखम चंद राठी, भाजपा नेता मेघनाथ सागरवंशी ने अतिथियों को उपहार भेंट कर स्वागत किया। समारोह में मुख्य वक्त योग आयोग अध्यक्ष रहे। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि राजनीति सेवा के लिए होती है। जनहित में 1 और 1 ग्यारह बनकर सेवा समर्पण के साथ काम करना चाहिए, तब क्रांतिकारी परिणाम सामने आता है। उन्होंने कहा कि विषैले राजनीतिक परिवेश में प्रधान सेवक नरेंद्र मोदी की कार्य शैली सबके लिए प्रेरणा दाई है। योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा ने कहा कि योग आपको अपने आप से जोड़ता है। जब जब आप अपने से दूर होने लगते आपका स्वास्थ्य बिगड़ने लगता है और जब आप योग करने लगते हैं तो स्वयं का चिकित्सक बनकर निःशुल्क अपना उपचार कर लेते हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनकर पुण्य का अर्जन भी कर लेते हैं। ऐसे योग को हर कोई अपनाए और स्वस्थ रहें, मस्त रहें।

### 50 बिस्तर अस्पताल की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम आवेदन सौंपकर जामगांव आर में 50 बिस्तर वाले अस्पताल, जामगांव आर को ब्लॉक का दर्जा, जामगांव आर में उप डाकघर की मांग को लेकर आवेदन योग आयोग अध्यक्ष को सौंपा। शिक्षा विद प्रणव शर्मा, शासकीय कालेज अध्यक्ष नरेश केला ने भी स्वागत समारोह में विचार रखे। इस अवसर पर भाजपा नेता कामता प्रसाद साहू, नरेश केला, भगवान चंद्राकर, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सागरवंशी, उज्ज्वल केला, देवेंद्र अग्रवाल, जागेश्वर शुक्ला, टीकाराम, राजेश, अभिषेक भारद्वाज, राकेश साहू, रामावतार वर्मा, महेश लहरी, आलोक साहू, मिलु राम, शेषनारायण अगरचंद सहित सरस्वती शिशु मंदिर आचार्य दीदी विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों को दी जा रही श्रीमद् भगवद् गीता की शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर



प्रभुपाद ग्राम ईस्कान द्वारा साप्ताहिक भगवद्गीता कोर्स समग्र विकास का मार्ग का आयोजन किया गया। प्रभुपाद ग्राम जो अंतरराष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ ईस्कान का एक अभिन्न हिस्सा है, द्वारा साप्ताहिक भगवद्गीता अध्ययन कोर्स शुरू किया है। यह कोर्स हर रविवार गुरुर के बालक एवं बालिका छात्रावास में आयोजित किया जा रहा है। केशवेंद्र के नेतृत्व में चल रहा यह कार्यक्रम छात्रों के जीवन में भगवद्गीता की कालजयी शिक्षाओं को लाने का प्रयास है, जिससे वे जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें और संतोषपूर्ण जीवन जी सकें।

केशवेंद्र ने कहा कि आज की तेज़–तर्रार दुनिया में भगवद्गीता की शिक्षाएँ पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। इस कोर्स का उद्देश्य छात्रों को भगवद्गीता के मूल्यों और सिद्धांतों को आत्मसात करने में सहायता करना। मानसिक शक्ति और आध्यात्मिक स्पष्टता प्रदान करना ताकि जीवन की चुनौतियों का सामना किया जा सके। छात्रें को हर परिस्थिति में खुश रहने के लिए मार्गदर्शन देना है। छात्रों के लिए यह ज्ञान विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे अपनी पढ़ाई, कैरियर और व्यक्तिगत चुनौतियों को संतुलित करने का प्रयास करते हैं। यह कोर्स भगवान के साथ गहरे संबंध को भी प्रोत्साहित करता है, जो शारीरिक, भावनात्मक और मानसिक शक्ति के साथ–साथ आध्यात्मिक शक्ति को भी बढ़ाता है।

### छात्रों की आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पुनर्जीवित करना है उद्देश्य

आधुनिकीकरण और तकनीकी प्रगति के चलते अक्सर आध्यात्मिक जागरूकता कम हो जाती है, जिससे व्यक्ति के समग्र विकास में कमी आती है। प्रभुपाद ग्राम का उद्देश्य छात्रों की आध्यात्मिक आवश्यकताओं को पुनर्जीवित करना है, ताकि वे एक संपूर्ण और संतोषजनक जीवन जी सकें। आध्यात्मिक शिक्षाओं को आत्मसात करके, छात्र अपनी सीमाओं को पार कर सकते हैं और अपनी पढ़ाई, करियर और व्यक्तिगत जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। हर सत्र में भगवद्गीता अध्ययन इसकी शिक्षाओं और आधुनिक जीवन में इसकी प्रासंगिकता का व्यवस्थित विश्लेषण शामिल होगा। हरिनाम संकीर्तन भगवान के पवित्र नामों का आनंददायक संकीर्तन है। कृष्ण प्रसादम भगवान को अर्पित किया गया पवित्र भोजन, जो शरीर और आत्मा को पोषण देता है।

## प्राथमिक शाला चाराचार के एसएमसी अध्यक्ष मोतीलाल ने दिया न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** मंगलवार को प्राथमिक शाला चाराचार में न्योता भोज का आयोजन शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मोतीलाल सोनी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर किया। न्योताभोज में बच्चों को समोसा, भजिया, जलेबी, तिली लड्डू का वितरण किया गया। संस्था प्रमुख रोशन लाल कुर्रे ने अध्यक्ष का धन्यवाद ज्ञापित कर ग्रामीण जन पालक को न्योता भोज के बारे में जागरूक किया। इस अवसर पर शाला के अध्यापक सहित समिति के सदस्य ज्ञानीशा बखरे, प्रीति सोनकर, उमाकांत साहु, गुमान पटेल, माखन लाल साहू, संतोष राजपूत, हेमलता राजपूत, सुमित्र सोनवानी, बोधिनी टंडन, सुनीत पटेल, चंद्रकांत यादव, हेमलता साहू, नोहर साहू, उमेश्वरी विश्वकर्मा, अन्नू राजपूत उपस्थित थे।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मनौद में तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ 18 से

**बालोद।** ग्राम मनौद में तीन दिवसीय गायत्री यज्ञ का आयोजन 18 जनवरी से किया गया है, जिसका समापन 20 जनवरी को होगा। लक्कू साहू ने बताया कि इसके लिए 15 जनवरी को भूमिपूजन किया गया।

### ग्राम माहुद बी में मड़ई-मेला आज

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम माहुद बी में मड़ई मेला का आयोजन 16 जनवरी को किया गया है। सरपंच डॉ नारायण दास साहू ने बताया कि इस अवसर पर रात्रि नाच ग़म्मत आजय माला खोड़वा नाच पार्टी का कार्यक्रम रखा गया है।

### मुख्यमंत्री साय से की मुलाकात, दिया न्योता



**रायपुर।** आईएमए का एक प्रतिनिधिमंडल, आईएमए रायपुर अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सोलंकी और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इसी दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 16 जनवरी को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री श्री साय को आमंत्रित किया, जिसे मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर आने की अपनी सहमति प्रदान की। साथ ही आईएमए ने कई महत्वपूर्ण मांगें भी मुख्यमंत्री के समक्ष रखीं, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

### जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

**दुर्ग।** शा पूर्व माध्यमिक विद्यालय चीचा ब्लाक धमधा मे स्वामी विवेकानंद जयंती पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा एवं तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता परीक्षा युवा दिवस से प्रेरित युवा प्रेरणा स्त्रोत विवेकानंद के जीवनी, प्रेरणादायक विचार, शिकागो यात्रा और शिक्षा से जुड़े हुए प्रश्न पत्र शिक्षक संतोष कुमार बघेल द्वारा तैयार किया गया था। परीक्षा का उद्देश्य आने वाले समय में प्रतियोगिता परीक्षा से जोड़ना है वही तत्कालीन भाषण प्रतियोगिता से बच्चों मे अभिव्यक्ति कौशल के माध्यम से निखार लाना है। प्रतियोगिता के बाद विचार गोष्ठी हुए जिसमें कु हेमिन, कु पलक, कु नेहा, कु प्रियाशी और राघवेन्द्र ने विवेकानंदके विचारों, जीवनी, व्यक्तित्व विकास, धर्म सम्मेलन और नशा मुक्ति पर अपने विचार साझा किये। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में कक्षा आठवीं कि कु रोमा वर्मा प्रथम, ओमकार वर्मा द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तत्कालीन भाषण में कु शिवाली वर्मा प्रथम और रोमा वर्मा द्वितीय स्थान पर रहे।

### महिलाओं ने मनाया लोहड़ी व मकर संक्रांति

**दुर्ग।** कायस्थ सभा की महिलाओं द्वारा लोहड़ी और मकर संक्रांति का पर्व परँपरागत तरीक़े से हर्षोल्लास के साथ श्री चित्रगुप्त साँस्कृतिक भवन कसारीडीह दुर्ग में मनाया।

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसील बालोद, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

**रा.मा.क्र./ब-121 वर्ष 2024-25**

एतद् द्वारा आम जनता समस्त ग्रामवासी ग्राम **लाटाबोड** तहसील व जिला बालोद को सूचित किया जाता है कि आवेदक **रामेश्वर** पिता **तोमन सिंह** जाति **कंवर** निवासी ग्राम **लाटाबोड** तहसील व जिला बालोद द्वारा अपने **दादी ललमत बाई** का **मृत्यु** ग्राम **लाटाबोड** तहसील व जिला बालोद में दिनांक **15.07.1998** को होना बताते हुए एवं तत्समय **मृत्यु प्रमाण-पत्र** न बनवा पाने के कारण विलंबित **मृत्यु** प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति को आपत्ति/ आक्षेप हो तो इस प्रकरण में आगामी सुनवाई तिथि **20.01.2025** तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा/ आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक **01.01.2025** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

मुहर

**नायब तहसीलदार बालोद (छ.ग.)**

# लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी व कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कड़ी कार्रवाई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद**

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के सभी विभागों में बिना किसी वाजिब कारण के अनाधिकृत रूप से 01 वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले के सभी कार्यालय एवं विभाग प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबे समय तक अनुपस्थित लापरवाह अधिकारियों के संबंध में विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने ऐसे गैर जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में चन्द्रवाल ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से जिले के आश्रम एवं छात्रवासों में निवासरत विद्यार्थियों जाति प्रमाण पत्र बनाने की कार्य की भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को आश्रम-छात्रावासों में निवासरत सभी बच्चों का अनिवार्य रूप से जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों में अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को इन प्रकरणों का विशेष प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने-अपने विभागों की बैंक खातों की जाँच करने तथा अनिवार्य रूप से निष्क्रिय खातों की जानकारी भी देने के निर्देश दिए।

## साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को दिए निर्देश



### चैटबॉट से प्राप्त आवेदनों की भी समीक्षा की

बैठक में चन्द्रवाल ने जिला प्रशासन द्वारा आम जनता के सुविधा को ध्यान में रखते हुए शुरू की गई व्हाट्सएप्प चैटबॉट के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के विस्तृत समीक्षा भी की। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को तीन दिन के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के निराकरण की विस्तृत समीक्षा की।

## अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक में जिलाध्यक्ष छगन ने जताई नाराजगी

# छत्तीसगढ़ में 33 जिला पंचायत, लेकिन ओबीसी के लिए एक भी आरक्षण नहीं



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी**

बुधवार को डोंडी के रेस्ट हाउस में अन्य पिछड़ा वर्ग समाज की बैठक हुई। बैठक में 30 दिसंबर को डोंडी में हुए धरना प्रदर्शन की समीक्षा तथा चुनाव आरक्षण रोस्टर के विरोध में आने वाले दिनों में और बड़े स्तर पर आंदोलन की बात की गई।

इसके साथ ही कहा गया कि शीघ्र ही चुनाव रोस्टर की प्रति डोंडी में जलाई जाएगी। बैठक में शामिल लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज के जिला अध्यक्ष छगन यादव ने बताया कि नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव के आरक्षण में छत्तीसगढ़ प्रदेश में निवासरत 52 प्रतिशत आबादी के साथ राज्य सरकार द्वारा किस तरह खिलवाड़ किया गया है कि हमारे वर्ग के लोगों को सीधा चुनाव से वंचित कर दिया है। यह तो सरासर अन्याय हैं । उन्होंने कहा कि हम लोग अलग अलग विचारधारा से आते हैं, परंतु दलगत राजनीति से ऊपर उठकर हमें ओबीसी समाज की ब्यक्ति की हैसियत से आंदोलन करना है। उन्होंने कहा कि सरकार का इसी तरह की रवैया रहा, तो आने वाले दिनों में हमारे बच्चे को अभी जो वर्तमान में नौकरी मिल रही है, वह भी छिन जाएगी। उन्होंने कहा कि यह कितनी कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ में 33 जिला पंचायत हैं, जिनमें ओबीसी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। पिछले चुनावों में जो 25 प्रतिशत आरक्षण जो हुआ करता था, उसे भी छीन लिया गया। उन्होंने बताया कि चुनावी रोस्टर के विरोध में हम लोगों ने बस्तर संभाग वाले ओबीसी समाज के साथ मिलकर 30 दिसंबर को जो धरना प्रदर्शन किए थे, उसे डोंडी के अलावा कोरर चारामा कांकेर भानु प्रतापपुर अंतागढ़ कोंडागांव नारायणपुर जगदलपुर दतेवाड़ा सुकमा कोंटा में जबरदस्त सफलता मिली। हम लोगों के आंदोलन को आदिवासी समाज का भी सहयोग मिला।

इससे सरकार के कान तो जरूर खड़े हुए हैं और सरकार में बैठे लोग सोचने को मजबूर हो कर बयान देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि हमें ओबीसी आरक्षण के विषय पर सरकार की मंशा का जमकर विरोध करना है और आने वाले दिनों में हम लोगों को और आंदोलन करना है। इसके लिए सभी लोग तैयार रहें। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन जीवन धनकर तेज राम साहू गोरेलाल सोनी हिंसा राम साहू डोमन साहू श्रीराम साहू शिवराम रनघाटी हिरूउ राम धनकर धनेश साहू गेंदलाल धनकर दीपचंद सिन्हा संतोष कौशिक नितिन साहू जगदीश यादव श्याम लाल सोनार हीरालाल सोनबोइर पुनाराम सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## भागवत कथा में राजा परीक्षित संवाद प्रसंग पर हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा**



ग्राम डौकीडीह में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथावाचक आचार्य पं. वेदप्रकाश पांडेय महाराज श्री दुर्गा मंदिर नगपुरा जिला दुर्ग के महाराज जी भागवत में राजा परीक्षित संवाद, शुकदेव जन्म सहित वराह अवतार का प्रसंग सुनाया। कथावाचक ने शुकदेव परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि एक बार परीक्षित महाराज वन में चले गए। उनको प्यास लगी तो समीक ऋषि से पानी मांगा। ऋषि समाधि में थे, इसलिए पानी नहीं पिला सके।

परीक्षित ने सोचा कि साधु ने अपमान किया है। उन्होंने मरा हुआ सांप उठाया और समीक ऋषि के गले में डाल दिया। यह सूचना पास में खेल रहे बच्चों ने समीक ऋषि के पुत्र को दी। ऋषि के पुत्र ने श्राप दिया और राजा को जलाकर भस्म कर देगा। समीक ऋषि को जब यह पता चला तो उन्होंने दिव्य दृष्टि से देखा कि यह तो महान धर्मात्मा राजा परीक्षित हैं और यह अपराध इन्होंने कलियुग के वशीभूत होकर किया है। समीक ऋषि ने जब यह सूचना जाकर परीक्षित महाराज को दी तो वह अपना राज्य अपने पुत्र जन्मेजय को सौंपकर गंगा नदी के तट पर पहुंचे। वहां बड़े ऋषि, मुनि देवता आ पहुंचे और अंत में व्यास नंदन शुकदेव वहां पहुंचे। शुकदेव को देखकर सभी ने खड़े होकर उनका स्वागत किया। कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए।

# चुनाव के लिए दावेदारों ने प्रभारी के समक्ष प्रस्तुत की अपनी दावेदारी





**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर**

> ■ प्रभारी पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में हुई कार्यशाला

नगरीय निकाय चुनाव 2025, त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए प्रभारी पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू के मार्गदर्शन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गुरुर मंडल, पुरूर मंडल, सनौद मंडल के भाजपा कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। इस दौरान नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष, पार्षद, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं ने अपनी दावेदारी प्रभारी वीरेन्द्र साहू के समक्ष प्रस्तुत की। मंडल से नाम का पैनल बनाकर आगे जिला को प्रेषित किया जाएगा। जिला-संभाग के समन्वयन से फाइनल उम्मीदवारों की घोषणा पार्टी द्वारा की जाएगी।

चुनाव में सभी कार्यकर्ता मिलकर चुनाव लड़ेंगे और अधिक से अधिक सीटों पर भाजपा के उम्मीदवार को विजयी बनाने का संकल्प लेकर कार्य करेंगे। भाजपा के समस्त कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए चुनाव में जाने की बात प्रभारी ने कही। कार्यक्रम में मंडल चुनाव प्रभारी पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, सनौद मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, पुरूर मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पांडेय, मेहत्तर नेता महामंत्री भुवन साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष ईशाप्रकाश साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा, जनार्दन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष यादवराम साहू, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, नरेश साहू, राजेश दीवान, लखन लाल गुरूपंच, दुर्गानंद साहू, अनसुइया धुरव, चिंताराम साहू, गिरधर ठाकुर, चंद्रप्रकाश गांधी, पन्नालाल साहू, रूखमण सिन्हा, उज्ज्वल साहू, तेजराम साहू एवं भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

पेज 9 का शेष

### निर्धारित समय पर ...

जानकारी ली। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के स्वीकृत पद के विरूद्ध अब तक भरे जाने वाले पदों के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने गुरूर विकासखण्ड में 'मोर लईका, स्वस्थ्य लईका' अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिला खनिज न्यास निधि की राशि से आंगनबाड़ी केन्द्रों के बच्चों को प्रदान किए जा रहे गर्म भोजन के फलस्वरूप कुपोषित बच्चों की स्थिति में हो रहे सुधार के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत बच्चों का जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से बोर्ड परीक्षा के परिणाम को बेहतर बनाने हेतु निर्धारित किए गए लक्ष्य के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा चन्द्रवाल ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से मुख्यालय में निवास करने के निर्देश दिए। **सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित हों:** बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने सभी अधिकारियों को अनिवार्य रूप से सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित होने तथा बिना किसी वाजिब कारण के लगातार 01 वर्ष से अधिक समय तक अनुपस्थित रहने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराने को कहा।

### अफसरों के कंधों पर डीजीपी ने लगाए स्टार

**रायपुर।** नवा रायपुर स्थित पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को 21 सीनियर आईपीएस की स्टार सेरेमनी हुई। पांच डीआईजी प्रमोशन के बाद आईजी बने हैं और सात एसएसपी डीआईजी बनाए गए हैं। इसी तरह आई एसपी प्रमोट होकर एसएसपी बने हैं। सभी अफसरों को डीजीपी अशोक जुनेजा ने स्टार लगाकर दी बधाई दी। ये हुए हैं प्रमोट- डीआईजी से आईजी - राम गोपाल गर्ग, दीपक झा, बालाजी राव, अभिषेक शांडिल्य, जितेंद्र सिंह मीणा, एसएसपी से डीआईजी- गोवर्धन राम ठाकुर, टीआर कोशिमा, लाल उमेंद सिंह, संतोष सिंह, अजातशत्रु बहादुर सिंह, इंदिरा कल्याण एलेसेला, प्रशांत ठाकुर, एसपी से एसएसपी- राजेश अग्रवाल, रामकृष्ण साहू, राजेश कुकरेजा, आशुतोष सिंह, श्वेता राजमणि, विवेक शुक्ला।



## खबर संक्षेप



### भाजपा मंडल बालोद ने किया कंबल वितरण

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बालोद द्वारा अटल जन्म शताब्दी के अवसर पर लगातार कंबल वितरण किया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को नगर पालिका के अंतर्गत कार्य कर रही स्वच्छता दीदियों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग यशवंत जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वय कमलेश सोनी व सुरेश निर्मलकर, मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, महामंत्री नरेन्द्र सोनवानी सहित समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मढ़ियापार में बनेगा पुल जिपं सदस्य पुष्पेंद्र ने किया भूमिपूजन




**गुण्डरदेही।** जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने विकासखंड के ग्राम मढ़ियापार में पुल निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि पुल निर्माण के लिए 15 वें वित्त की राशि से 14 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। भूमिपूजन के अवसर सरपंच एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शासकीय विद्यालय कनेरी में हुई शिक्षक-पालक बैठक



**गुरूर।** पूर्व माध्यमिक शाला कनेरी में शिक्षक-पालक बैठक रखी गई। बैठक में अर्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम की समीक्षा के साथ अन्य विषय पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच दिनेश्वरी पन्नालाल सिन्हा, जनार्दन सिन्हा, डोमार साहू, बृजलाल साहू, इकबाल अली सहित लगभग 50 पालक उपस्थित थे।

### ग्रामीणा ने भूमि के पट्टे के लिए कलेक्टर से लगाई गुहार



**बालोद।** ग्राम कमरौद निवासी कामदेव पिता पुराराम मरार ने घर का पट्टा प्रदान करने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम कमरौद में 50 वर्ष से लगभग 4 डिसमिल स्थान पर निवास कर रहा हूं। उन्होंने पट्टा प्रदान करने का आग्रह किया है।

**आयोजन :** पर्यटन को बढ़ावा देने जिला प्रशासन ने गुरूर विकासखंड के ओनाकोना में किया आयोजन

# मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव, नौका दौड़ सहित हुईं विविध स्पर्धाएं, बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा जिले के गुरुर विकासखण्ड के ओनाकोना में मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सभी के सहयोग से बालोद जिले को उत्कृष्ट एवं बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किए जाने की शुरूआत आज ओनाकोना से हो रही है।

उन्होंने कहा कि जिले में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, जिन पर हम सभी को मिलकर काम करना होगा, ताकि बालोद जिले की पहचान देश व प्रदेश में पर्यटन हेतु बेहतर और उत्कृष्ट क्षेत्र के रूप में हो सके। चन्द्रवाल मकर संक्रांति के अवसर पर बालोद जिले के गुरूर विकासखण्ड के वनांचल क्षेत्र में स्थित पर्यटन के केन्द्र ओनाकोना में आयोजित पतंग महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि ओनाकोना को प्रदेश व देश में पर्यटन के क्षेत्र में बेहतर पहचान दिलाने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर ओनाकोना को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। मकर संक्रांति के अवसर पर जिला प्रशासन बालोद द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन भव्य रूप से किया गया। महोत्सव की शुरूआत नौका रेस से हुई। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने हरी झण्डी दिखाकर नौका रेस की शुरूआत की। इस दौरान कलेक्टर ने नौका चालक से नौका विहार हेतु आने वाले पर्यटकों की संख्या और उनसे प्रतिदिन होने वाले आय एवं ओनाकोना में पर्यटकों हेतु की गई सुविधाओं के संबंध में चर्चा की।

पतंग महोत्सव में कलेक्टर चन्द्रवाल ने पतंग उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान अधिकारी–कर्मचारियों, ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और पर्यटकों ने भी बड़ी संख्या में आकर्षक ढंग से तैयार किए गए पतंग उड़ाकर पतंग महोत्सव को जीवंत एवं आकर्षक बनाया। महोत्सव में रस्सा खींच, वॉलीबाल, क्रिकेट, कुर्सी दौड़, स्कूली बच्चों का चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई।

#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी हुए पुरस्कृत

कलेक्टर चन्द्रवाल ने महोत्सव में हुए विभिन्न गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करने वाले प्रतिभागियों को प्रतीक चिह्न प्रदान कर पुरस्कृत भी किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि जिला प्रशासन द्वारा ओनाकोना को पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने की यह पहल सार्थक साबित हो रही है।

## मानव कल्याण आश्रम बघमरा में कराया गया योग और प्राणायाम का अभ्यास



**गुण्डरदेही।** मकर संक्रांति पर्व में मानव कल्याण आश्रम बघमरा में मानव एकता सम्मेलन के अवसर पर प्रातः योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें महिला पतंजलि दुर्ग जिला प्रभारी ममता साहू ने व्यक्ति संबंधता एवं खेल–खेल के माध्यम से मांसपेशियों में तनाव होने वाले योगासन करवाई एवं कहा कि योगासन से मांसपेशियों में तनाव होने से शरीर स्वस्थ होने के साथ सुडौल होता है, वहीं मेडिटेशन से मन स्थिर एवं शांत होता है। पतंजलि हरिद्वार के कॉर्पोरेट सदस्य अरुण कुमार साहू ने यॉगिंग जॉगिंग रवाया, महिला जिला अध्यक्ष मधु कौशल ने प्राणायाम में भ्रस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, बाह्य प्राणायाम, भ्रामरी, उद गीत, उज्जायी आदि का अभ्यास कराया, योग शिक्षक केशव राम साहू, रामलाल सिंघाड़े ने सूक्ष्म व्यायाम, सूर्य नमस्कार, हास्य आसन का अभ्यास करवाया। भारत स्वाभिमान युवा अध्यक्ष मुकेश आरदा ने जल नेति, सूत्र नेति के प्रयोग से अनेक कठिन बीमारियों पर विजय पाने की कला सिखाई। ब्रह्माकुमारी रेणुका बहन ने मन शान्ति के लिए ध्यान योग करवाई एवं सकारात्मक ऊर्जा भरने की बात कही। उक्त निशुल्क योग शिविर में पतंजलि योग समिति द्वारा स्वस्थ रहने के साथ स्वदेशी एवं राष्ट्र प्रेम, वैदिक सनातन धर्म आदि विषयों पर चर्चा की गई, देशभक्ति के गीत गाए गए। **मकर संक्रांति स्नेह से संगठित करने का संदेश देता है : संत अमोहि साहेब:** संत समागम समारोह में संत अमोहि साहेब ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व व्यक्ति, व्यक्ति को मधुर स्नेह प्यार से संगठित करने का संदेश देने वाला पर्व है। उन्होंने कहा कि बिखरे हुए तिल के दानों को मीठे गुड़ के साथ मिलाकर लड्डू बनाते हैं, जो संगठन एवं एकता का प्रतीक है। सुख शांति एवं वैभव प्राप्त के लिए यही एक मंत्र है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि प्रमोद जैन, पद्मश्री शमशाद बेगम, कवि केशवराम साहू, सेवानिवृत शिक्षक सावंत राम साहू, गोरी कांत साहू, सुशीला देवी, हेम कृतिका, नलिनी, कृष्ण कुमार साहू, कृष्ण मोहन, धनेशकुमार, लोकेश यादव, दिलीप साहू, कमला वर्मा उपस्थित थे।

## महावीर गौशाला बालोद में धूमधाम से मनाया गया मकर संक्रांति पर्व




**बालोद।** स्थानीय महावीर गौशाला बालोद में मकर संक्रांति पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण की महा आरती से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व प्रांत संयोजक गौ सेवा गतिविधि सुबोध राठी, नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं गौ सेवक शंकर लाल श्रीश्रीमाल, समाज सेवी बालोद खेम भाई पटेल, मदन लाल बाफना थे। अध्यक्ष समीर गुप्ता ने अध्यक्षीय उद्बोधन व सचिव विनय सोनी वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। धमतरी से पधारे सुबोध राठी द्वारा अपने उद्बोधन में गौ की महत्ता बताते हुए कहा कि गौ माता को प्रत्येक घरों में यदि व्यक्ति पालना प्रारंभ करें तो हर व्यक्ति का वास्तु दोष एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियों का निवारण हो जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने गौपालन से होने वाले लाभ की जानकारी दी। इस दौरान गौशाला के कर्मचारियों का अतिथियों ने सम्मान किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष मुकेश जैन, तरुण बढ़तिया, छोटेलाल चंद्राकर, धीरज उपाध्याय, बसंत शर्मा, देवेंद्र कोठारी, जगदीश भाई पटेल, विमल भंसाली, संजीव सोनी राजेश सोनी व नगर एवं जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन संतोष कृदत्त एवं संचालन दिनेश तपड़िया ने किया।

## पतंगबाजी में मयूर की टीम प्रथम





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- टुवानी फाउंडेशन बालोद सरविंग लाईव रूलिंग हाट्र्स ने किया आयोजन
- महिलाओं के लिए हुआ हल्दी कुमकुम कार्यक्रम, प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

टुवानी फाउंडेशन बालोद सरविंग लाईव रूलिंग हाट्र्स द्वारा न्यू माहेश्वरी भवन बालोद में महिलाओं का हल्दी कुमकुम से नेग किया गया। पुरुषों के लिए पतंगबाजी प्रतियोगिता रखी गई। पुलिस सबइंस्पेक्टर में चयनित 10 लोगों का सम्मान किया गया तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के पुलिस सब इंस्पेक्टर के लिए चयनित 10 लोगों का सम्मान किया जिनमें उषा निषाद, निकिता साहू, लता साहू, स्वीटी साहू, सीमा बोदेलकर, मुकुलचंद, वैभव साहू, हर्ष कुमार, प्रतिभा पटेल शामिल हैं।

साथ ही साथ मेरिट में आई छात्रा खुशी टुवानी का सम्मान मनमोहन टुवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पतंगबाजी प्रतियोगिता में मयूर एवं उनकी टीम प्रथम रही। दूसरा स्थान पुरूषोत्तम एवं उनकी टीम ने प्राप्त किया। तीसरा स्थान राकेश एवं टीम ने प्राप्त किया। संस्था की फाउंडर एवं भाजपा महिला मोर्चा बालोद शहर की महामंत्री डॉ मोना टुवानी ने बताया कि टुवानी फाउंडेशन सामाजिक क्षेत्र के साथ शिक्षा स्वास्थ्य और अन्य सभी क्षेत्रों में अपना कार्य करेगी। इसके साथ ही संस्था के सदस्य मनमोहन टुवानी, सुनील टुवानी, हंसमुख टुवानी एवं अभिषेक टुवानी सभी मेडिकल सेवाओं से जुड़े हैं और डॉ मिताली टुवानी जो कि गायनिक सर्जन हैं, स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी कार्य करने के लिए टुवानी परिवार सदैव तत्पर रहेगा। डॉ मोना टुवानी ने बताया कि यह संस्था स्वर्गीय लक्ष्मी नारायण, गोविंद टुवानी की स्मृति में बनाई गई है। लक्ष्मी नारायण बालोद जिले में सबसे पहले मेडिकल स्टोर के संस्थापक थे। आज बालोद गुरूर में 12 मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से टुवानी परिवार अपनी सेवा दे रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम टुवानी रहे।

## बालोद में प्लेसमेंट कैंप 21 को

**बालोद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बालोद में विभिन्न नियोजकों द्वारा 21 जनवरी को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाएगा। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मागदर्शन केंद्र बालोद ने बताया कि इसके तहत लाईफ इंश्योरेंस एडवाईजर, फायर मैन, सिक्यूरिटी गार्ड, ड्राईवर एवं होम केयर टेकर के 100 पदों पर भर्ती की जाएगी। उक्त पदों के लिए पदवार शैक्षणिक योग्यता पांचवी, आठवी, दसवीं एवं बारहवीं निर्धारित की गई है। वहीं, आयु सीमा 20 से 40 वर्ष एवं कार्यक्षेत्र रायपुर, दुर्ग, भिलाई एवं राजनांदगांव रहेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, रोजगार पंजीयन कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं आधार कार्ड की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि एवं स्थान पर उपस्थित हो सकते हैं।

## सहगांव में शाला प्रबंधन समिति के संरक्षक ने कराया न्योता भोज



**डौण्डीलोहारा।** मकर संक्रांति के अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के संरक्षक दिलीप कुमार मेश्राम ने शासकीय प्राथमिक व माध्यमिक शाला सहगांव में बच्चों के साथ समिति के समस्त पदाधिकारियों को न्योता भोज कराया। न्योता भोज में चावल, दाल, सब्जी के साथ अरसा, तिली लड्डू और खीर परोसा गया। गिरीश कुमार निर्मोही व केशर अलेंद्र ने तिल के लड्डू बांटे। इस अवसर पर विद्यालयीन स्टाफ के साथ-साथ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष जोहनलाल तारम, प्रेमलाल निषाद ,सुंदरबाई, मल्लेश्वरी, सलाबत, देविका, खिलेश्वरी, हीराबाई, कविता बाई, गोविंद सिंह चुरेंद्र, रत्ना मेश्राम एवं रेखा मेश्राम तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


## सामान्य वर्ग से होगा नगर पंचायत गुंडरदेही का अध्यक्ष, टिकट की जुगत में लगे दावेदार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

- कांग्रेस व भाजपा के अध्यक्ष पद के दावेदारों में लगी होड़

नगर पंचायत गुण्डरदेही का अध्यक्ष पद सामान्य होने के बाद नगर में एक बार फिर भाजपा व कांग्रेस के दावेदार सामने आ रहे हैं। हालांकि चुनाव अभी दूर है, लेकिन अध्यक्ष चुनाव के लिए अभी से जोर आजमाइश शुरु हो गई है। दावेदार अभी से अपने स्तर पर अपने आकाओं से मिलकर टिकट पक्की कराने के जुगाड़ में लग गए हैं। बता दें कि इस बार नगर की जनता स्वयं सीधे अध्यक्ष का चुनाव करेगी, पिछली बार कांग्रेस सरकार ने पूर्व के नियम में परिवर्तन कर अध्यक्ष का चुनाव पार्षदों द्वारा कराया था। भारतीय जनता पार्टी से टिकट की दावेदारी के लिए जो नाम सामने आ रहे हैं, उनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रमोद जैन, पार्षद विजय सोनकर, पार्षद हरीश निषाद व महिला कार्यकर्ता संतोषी साहू प्रमुख हैं। इन सबमें 1985 से सक्रिय सदस्य रहे पूर्व जिला महामंत्री प्रमोद जैन को भाजपा से टिकट के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। वहीं, कांग्रेस से पूर्व में नगर पंचायत अध्यक्ष रह चुके केके राजू चंद्राकर, पार्षद विजय कोरे, सोहन सोनी के नाम सामने आ रहे हैं। अब देखना होगा कि भाजपा और कांग्रेस किसकों नगर पंचायत गुण्डरदेही के अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार बनाती है। लेकिन, उम्मीदवार चाहे जो भी हो, यह तो समय आने पर जनता ही तय करेगी कि किसे अपना अध्यक्ष चुनना है।




## नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा से पहले लिया गया मॉक टेस्ट



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025-26 के लिए विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन और तैयारी के लिए संकुल केंद्र अरजपुरी एवं संकुल केंद्र भीमपुरी द्वारा संयुक्त रूप से मॉक टेस्ट लिया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा पैटर्न समय प्रबंधन और प्रश्नों को हल करने की तकनीक से परिचित कराना था। मॉक टेस्ट में दूरस्थ वनांचल क्षेत्र में विभिन्न स्कूलों के 92 बच्चे सम्मिलित हुए। टेस्ट के दौरान विद्यार्थियों को वास्तविक परीक्षा जैसा माहौल दिया गया, जिससे उनकी तैयारी को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। मॉक टेस्ट के माध्यम से बच्चों को प्रश्नों के प्रकार और परीक्षा के प्रारूप को समझने में सहायता मिली, समय प्रबंधन बच्चों को समयबद्ध तरीके से उत्तर देने की कला सिखाई गई। शिक्षकों और प्रशिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा से संबंधित टिप्स दिए। बता दें कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा पूर्व में जोन स्तर पर दिए गए निर्देशों के अनुरूप नवोदय परीक्षा की तैयारी संकुल एवं शाला स्तर पर कराई जा रही थी। संकुल प्राचार्य अरजपुरी नंद लाल पिंकेश्वर एवं संकुल प्राचार्य भीमपुरी बंशीधर आर्य ने मॉक टेस्ट का निरीक्षण किया। केंद्राध्यक्ष तोमेश्वर साहू, सहायक केंद्राध्यक्ष आशीष कुमार कुलदीप, जीवनलाल साहू, खिलावन सिंह माहला, नागेन्द्र प्रसाद काठौर, एसपी रात्रे, बीना दास, चंद्रमणि चौहान का सहयोग रहा।







